## Communo



प्रांजल

इस बार हम कुछ दिलचस्प कार्यक्रमों का आयोजन करवाने जा रहे हैं, जैसे कि GUESS FLIX, जिसमें टीमों को प्रत्येक चरण में शब्दों का अनुमान लगाना होगा। यह राउंड फिल्म और दैनिक शब्दों पर होगा। दूसरा इवेंट हमारा ADMAD है जो कि एक क्विज़ है। इसमें प्रतिभागियों को टैगलाइन के आधार पर ब्रांड का पता लगाना होगा। तीसरा इवेंट कंटेंट टॉक है, जिसमे अलग अलग इन्स्टाग्राम के प्रमुख कलाकार कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इवेंट्स के लिए प्रश्न बनाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। STUCCANS ने तैयारियों से जुड़ी हर समस्या में काफी मदद की है। हमारी क्लब ने ओएसिस के इवेंट्स के लिए काफी मेहनत की है और मैं आशा करता हूँ कि बिट्सियन इसका पूरा आनंद लेंगे।

## Coding Club



सावी

इस बार हम इवेंट को आकर्षित बनाने हेतु फेस्ट से पहले एक AI/ML HACKATHON और ब्लेंडर वर्कशॉप का आयोजन करवा रहे हैं। फेस्ट के दौरान VR गेमिंग और AI द्वारा रचित चित्रों और AR गेम्स जैसी रोमांचक चीजों की पेशकश करने की तैयारी में हैं। VR गेम में VR सेट द्वारा प्रतिभागियों को एक का एक डरावनी कमरे समान मज़ेदार अनुभव प्राप्त होगा, वहीं साथ ही AR गेम में AR की मदद से एक ट्रेज़र हंट का आयोजन होगा। लोगों के पसंद के हिसाब से AI का इस्तेमाल करके उनकी तस्वीरों को उनके पसंदीदा फ़िल्म या एनीमे पात्र में तब्दील करके उन्हें दिया जाएगा। इवेंट्स के लिए नयी तकनीकी उपकरणों के साथ काम करना तथा उनका निर्माण करना सबसे कठिन था। मैं इस बार आशा करती हूँ कि इस बार बिट्सियन इस ओएसिस का भरपूर आनंद उठाएँगे।

## Indic Club



वैदिक शर्मा

OASIS में इंडिक क्लब दो कार्यक्रम, द्यूत क्रीड़ा एवं चक्रवर्ती आयोजित करवा रहा है। द्यूत क्रीड़ा पासों का युद्ध है जोकि एक प्राचीन बोर्ड पर खेला जाता था। यह खेल रणनीति और किस्मत का एक अच्छा मिश्रण सामने लाता है। चक्रवर्ती ताश का खेल है जिसमें भारतवर्ष के नक़्शे का भी उपयोग किया गया है, इससे खिलाड़ियों को भारतीय राजाओं की आँखों से प्राचीन भारत को देखने का अवसर मिलेगा। खेल का उद्देश्य है भारतवर्ष की प्राचीन जिओपोलिटिकल स्थितयों में सच्चा चक्रवर्ती बनकर उभरना। इन खेलों को बनाने के लिए इंडिक क्लब ने बहुत गहराई से भारतीय साहित्य का अध्ययन किया है। क्लब के सदस्यों ने इसको रोमांचक बनाने के लिए बहुत से ड्राई रन भी किए और इन सब प्रयासों के बाद इन खेलों का उपस्थित प्रारूप तैयार किया गया है। इंडिक क्लब के समन्वयक वैदिक शर्मा का फेस्ट के प्रतिभागियों के लिए सन्देश है - ।। सा विद्या विमुक्तये ।। - विद्या वही है जो मुक्त करे।

## Dance Club



संजना जमुआर

डांस एक कला है, जिसे दर्शक और कलाकार अलग-अलग दृष्टिकोण से देखते हैं। कलाकारों के लिए यह उनकी भावना व्यक्त करने का माध्यम है और दर्शकों के लिए यह सौन्दर्य और अभिव्यक्ति की परिभाषा है। इस वर्ष हम RAZMATAZZ और डेसर्ट डुएल नामक दो कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। RAZMATAZZ, एक समूह नृत्य प्रतियोगिता है, जिसमें कोरियोग्राफि की श्रेष्ठता और कला का प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें सभी प्रकार के नृत्य शामिल होते हैं। डेसर्ट डुएल में हर कॉलेज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करता है। इसमें वेस्टर्न, क्लासिकल, हिप हॉप और बॉलीवुड से लेकर सभी प्रकार के स्टाइल शामिल होते हैं। दोनों इवेंट्स में विभिन्न चरण होते हैं,जिनकी योजना बनाना सबसे कठिन होता है।डेसर्ट डुएल के आखिरी पड़ाव में थीम को काफी सोच समझकर दिया जाता है, क्यूंकि थीम दर्शक और प्रतिभागी के लिए समझने में आसान होनी चाहिए। RAZMATAZZ में बड़े समूह को संभालना व संपर्क में रहना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन इस बार सदस्यों के बीच काम स्पष्ट रूप से काम का विभाजन किया गया है। डांस क्लब इस बार एक सफल इवेंट की सुनिश्चितता की आशा करता है।

## Association of Rock Arbits



अनंतश्री पाडे

ARBITS के समन्वयक अनंतश्री पांडे और शुभयउ बासु ने बताया कि ARBITS ओएसिस पर INDIE NITE, ROCKTAVES और LISTENING ROOM EXPERIENCE आयोजित कर रहें हैं। INDIE NITE OASIS के दौरान एक मुख्य प्रोफ शो हैं जिसमे ARBITS की टीम अतिथ्य एवं बाकी के सारे संचालन के लिए ज़िम्मेदार रहते हैं। इस साल के लाइनप में दर्जी, परवाज़ एवं F16S हैं। ROCKTAVES भारत की सबसे पुरानी और बड़ी ROCK BAND प्रतियोगिता हैं जहाँ विभिन्न शहरों से आई बैंड्स एक कैश ईनाम एवं नाम कमाने के लिए अपनी कला की पेशकश देते हैं। इस बार की प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण इस बार के न्यायधीश INDIAN OCEAN हैं। ARBITS के सदस्यों की हमेशा कोशिश रहती हैं कि वह नए, कुछ अनोखे और सही में INDIE कलाकारों को पेश करें। इसलिए इस बार ऐसे कुछ कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए एक इनडोर संगीत अनुभव का आयोजन कर रही हैं जिसमे REPRODUCE SESSIONS होंगे जो कि एक प्रारंभिक चरण का कला इनक्यूबेटर हैं। गलतफेहमियों के कारण एवं संचार के अलग अलग सूत्र होने के कारण काफ़ी देरी हो गई थी जिस कारण टीमों में भी व्याकुलता फ़ैल गई थी। हालाकि अब सारी गडबड़ी सुलझ गई है। अंत में वह उम्मीद करते हें कि लोग सारे इवेंट्स पर ज़रूर जाए खासकर के ARBITS के इवेंट्स पर।


## Sounds



माधव

डिपार्टमेंट ऑफ साउंड्स के समन्वयक माधव नाथ खन्ना ने बताया कि OASIS के दौरान उन्हें मेन ऑडिटोरियम में होने वाले कार्यक्रमों में माइक आदि ध्वनि उपकरणों को संचालित करना है। इसके अतिरिक्त पूरे फेस्ट के दौरान होने वाले कई आयोजनों में उन्हें सुचारू रूप से ध्वनि की व्यवस्था देखनी है। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना नही करना पड़ा है। उन्होंने सभी छात्रों व दर्शकों को फेस्ट में भरपूर मज़ा लेने का संदेश दिया है।

## Astro Club



विमन्यु वीर

इस बार ओएसिस में हम कुछ दिलचस्प चीज़ें पेश करने जा रहे हैं, जो कि सिर्फ रुचिकरों को ही नहीं, हर किसी को खगोल विज्ञान के रोमांच से अवगत कराने वाली है। इसके लिए हमने नाइट् WATCH,QUIZZAR और EVERYONE DIES का आयोजन करवाने वाले हैं, जिसमे दूरबीन द्वारा रात्रि आकाश को देखना, विभिन्न तारामण्डलों व आकाशीय पिंडों के बारे में जानना, और काफी मज़ेदार अनुभव प्रदान करने एक QUIZZING EVENT शामिल है। इवेंट की तैयारियों में हमें थोड़ी समस्यों का सामना करना पड़ा था। इसमें से नाइट् WATCH के लिए रात्री आकाश के लिए मानचित्र बनाना और क्विज के लिए मनोरंजक सवाल बनाना शामिल था। लेकिन क्लब के लोगों की समन्वय के कारण, हम आयोजन की तैयारियों में सफल रहे हैं। मैं आशा करता हूँ कि बिट्सियन ओएसिस के इवेंट्स का पूरा आनंद उठाएँ और हमारे इवेंट में अवश्य आयें।

## Department of Theatre



दीया नारायणन

डिपार्टमेंट ऑफ थिअटर ओएसिस की समन्वयक दीया नारायणन ने ओएसिस हिंदी प्रेस को बताया कि DOT फेस्ट के दौरान आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ के आयोजन एवं संचालन के लिए ज़िम्मेदार रहते हैं। इन कर्नल इवेंट में 800+ प्रतिभागियों के साथ साथ नियमों, न्यायधीशों और समन्वय को भी संभालना रहता हैं। इसमें तरंग, पिच परफेक्ट, स्ट्रीट डांस, स्ट्रीट प्ले, स्टेज प्ले और FASHP शामिल हैं। यह सारे इवेंट्स पूरे ओएसिस के दौरान विभिन्न समय में होते हैं। इस कारण पूरी अनुसूची भरी रहती हैं और इवेंट्स को परस्पर ढंग से आयोजित करना यह भी सुनिश्चित करते हुए कि वह दर्शोकों के लिए सुलभ रहें ही DOT के सामने सबसे बड़ी चुनौती रहती हैं। अंत में समन्वयक दीया नारायणन सारे हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए खास संदेश दिया कि वह ज़रूर आकर स्टेज प्ले और स्ट्रीट प्ले के प्रतिभाशाली छात्रों के प्रदर्शन देखे।

## Embryo



अनीश हट्टुआ

EMBRYO के समन्वयक अनीश हटूआ ने बताया कि वे मुख्य अतिथि के आमंत्रण से लेकर आगमन तक का पूरा कार्यभार संभाल रहे हैं। साथ ही वे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स व कंटेंट क्रिएटर्स को बुला एक नया इवेंट ओएसिस फ़िल्म फेस्टिवल आयोजित करवा रहे हैं। चूंकि साल का अंत है, कई मुख्य अथिति के संभावित उम्मीदवार ढूंढने में उन्हें काफ़ी परेशानी हुई किन्तु STUCCA की मदद से वे मुख्य अथिति को बुला पाने में सफल हुए। वे हिंदी प्रेस क्लब के माध्यम से सभी छात्रों से अनुरोध करते हैं कि OASIS में अधिक से अधिक आयोजनों में शामिल हों। चूंकि OASIS वार्षिक उत्सव है, तो इसका भरपूर मज़ा अवश्य लेना चाहिए।

## Mathematics Association



कुशाग्र

इस वर्ष OASIS में मैथेमेटिक्स एसोसिएशन SHERLOCK VS MORIARTY नामक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता मे कहानी के दो पहलू शेर्लोक और मोरियार्टी शामिल हैं जो दिलचस्प पहेलियों से जुड़े हुए है। इसमें प्रतियोगियों को दो में से एक रास्ता चुनकर आने वाले सवालों का उत्तर देना होता है। पुरे कैंपस मे अन्य प्रकार के स्थानों में सुराग फैलाये गए हैं और इनकी मदद से पहेलियों को हल करके अंतिम मंज़िल तक पहुंचना होता है। इस कार्यक्रम के आयोजन में कुछ कठिनाईओं का सामना भी करना पड़ा जैसे कि कैंपस पर स्थानों के आधार पर सुराग बनाना आदि हालांकि इन सभी कठिनाइयों को हल कर दिया गया। अंत मे कुशाग्र सभी को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहते हैं कि यह प्रत्योगिता अपने दोस्तों के साथ भाग लेने में उत्तम है क्यूंकि इसमें गणित और लॉजिक्स का ज्ञान लगाकर सबको साथ मे पहलियाँ भुजानी होती है।

## Renewable Energy Club



दीपक अग्रवाल

OASIS हिंदी प्रेस के साथ हुई बातचीत में, रिन्यूएबल एनर्जी क्लब के समन्वयक "दीपक अग्रवाल" बताया कि वह इस बार तीन इवेंट, "सोलर कुक्ड फूड, साइक्लोट्रॉन, एवं एनर्जी बिंगो" का आयोजन कर रहे हैं। सोलर कुक्ड फूड, दो दिन का इवेंट है, जिसके प्रभारी आदरणीय मनोज सोनी जी है। इस इवेंट में पैसों का जो भी लाभ होने वाला है, वो दान में दिया जाएगा। साइक्लोट्रॉन इवेंट में हर प्रतियोगी को बीस सेकंड तक स्थिर साइकिल चलानी होगी और ARDUINO कि मदद से पता चलेगा कि प्रतियोगी ने बीस सेकंड में कितनी उर्जा बचाई है। "एनर्जी बिंगो" सामान्य बिंगो की खेल से प्रेरित है, परंतु इसमें रिन्यूएबल एनर्जी पे आधारित सवाल पूछे जाएंगे।

## Operations and Strategy Club



आर्यन मेहता

ऑपरेशन्स एंड स्ट्रैटजी क्लब के समन्वयक आर्यन मेहता से हुई बात में उन्होंने OASIS हिंदी प्रेस को बताया कि OASIS 2023 में उनका क्लब एक इवेंट, बिट्सियन्स गेम ऑफ लाइफ आयोजित करवा रहा है। यह खेल गेम ऑफ लाइफ नाम के बोर्ड गेम पर ही आधारित है, जिसमें हर मोड़ पर खिलाड़ियों को कुछ विकल्प मिलते हैं, जिनसे खेल के अंत में बहुत प्रभाव पड़ जाता है। इसे आयोजित करने के लिए क्लब के सदस्यों ने बहुत अच्छे से अपनी सह-भागीदारी प्रदान की इसलिए इस इवेंट के आयोजन में कुछ खास परेशानी नहीं आई। ऑपरेशन्स एंड स्ट्रैटजी क्लब छात्रों को अपनी रुचि और कौशल को मैनजमेंट, कंसल्टिंग और स्ट्रैटजी की ओर निर्धारित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस खेल के माध्यम से छात्रों की रुचि स्ट्रैटजी तथा मैनजमेंट की ओर बढ़ेगी।

## PCA



परवर छाबड़ा

PCA के समन्वयक परवर छाबड़ा ने OHP से साक्षात्कार में बताया की इस बार PCA OASIS 2023 में FLASHMOB यानी कि एक नृत्य प्रदर्शन का आयोजन कर रहे हैं और वह इसके लिये काफ़ी उत्सुक हैं। यह नृत्य प्रदर्शन आम नहीं होगा और पंजाब कल्चरल एसोसिएशन इसमें पंजाबी ज़ाइका डालने का पूरा प्रयत्न भी करेंगे। तैयारी की परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए वे कहते हैं कि कंट्रोल्स डिपार्टमेंट के साथ काम करने में उन्हें काफ़ी दिक़्क़त हुई। पाठकों को संदेश देते हुए वे कहते हैं कि वे सब FLASHMOB में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें।


## Gaming Club



आदर्श मिश्रा

गेमिंग क्लब के समन्वयक आदर्श मिश्रा ने बताया कि इस बार के फेस्ट OASIS में ECLIPSE का आयोजन कर रहे है। ECLIPSE एक ऐसा आयोजन है जिसमे सभी प्रकार के गेमर्स एक साथ आकर दृश्यनीय माहौल बना देते हैं। BGMI, CLASH ROYALE, FIFA, VALORANT जैसे बहुत विडियो गेम, प्रतियोगिता एवं अनोपचारिक स्तर पर खेले जाते है। इसके अलावा लोग यहाँ अपने मनपसन्द गेम को पूरे फेस्ट के दौरान PS5 पर खेल सकते हैं। IKE के सहयोग से वे लोगों को VR रेसिंग का अनुभव भी संभव हो पाया । VR गेमिंग इस बार स्टाल का आकर्षण है, फेस्ट के दौरान हमारी सबसे बड़ी सामस्य है वेंडर से सामन जैसे VR BOX और PLAYSTATION की व्यवस्था करना। इसके अलावा स्पोंसोर्शिप लाने में भी बहुत परिश्रम लगता है। आदर्श चाहते हैं कि सभी गेमिंग में भाग लें और विश्वास दिलाते है कि सभी का अनुभव बहुत अच्छा होगा।

## The Eastern Outlook



सौभाग्य घोष

OASIS हिंदी प्रेस के साथ हुई बातचीत में, "THE EASTERN OUTLOOK" के समन्वयक "सौवाग्य घोष" ने क्लब की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस बार वे एनिमे की दुनिया पे आधारित प्रश्नोत्तरी, फोटो बूथ, फिल्म की स्क्रीनिंग और ESPOIR गेमरून इवेंट का आयोजन कर रहे हैं। फोटो बूथ में एनीमे से प्रेरित प्रॉप्स होंगे जैसे "KATANA", "CLOAKS", "STRAW HATS", एवं आदि, जिनका उपयोग करकर सभी लोग कुछ हसीन पलों को कैद कर सकेंगे। वे कोशिश कर रहे है की सरल प्रश्न के साथ कुछ कठिन सवाल भी पूछे जाएंगे। "ESPOIR" गेमरूम कार्ड गेम्स, जैसे UNO, ब्लिंक, एवं आदि के उत्साहियों के लिए हैं। दोनों प्रतियोगिताओं में जीतने वालों को इनाम में कुछ नकद मिलेंगे। OASIS के कुछ दिन पहले "SUZUME" नामक फिल्म की स्क्रीनिंग हुई। यह फिल्म जापान में काफ़ी मशहूर है। फोटो बूथ की आयोजन करना सरल नहीं था, परंतु स्पोंज़ डिपार्टमेंट ने उनकी काफ़ी सहायता की। यह क्लब काफ़ी उत्सुक है OASIS के लिए।

## English Language Activities Society



आदित्य भास्कर

इस बार हम ओएसिस क्विज़, ट्रावेल एंड लिविंग क्विज़, इंडियन क्विज़, EQ और वर्डस्टॉक शामिल हैं। इनमें से ओएसिस क्विज़, मेजर चंद्रकांत नायर द्वारा होस्ट किया जाएगा। अन्य इवेंट किसी विषय पर आधारित होंगे, जैसे कि TLQ और इंडियन क्विज़, जिनको अर्याप्रिया गांगुली द्वारा होस्ट किया जाएगा। वर्डस्टॉक एक अंग्रेजी पहेली इवेंट है जो कि हर भाषा प्रेमियों के लिए बनाया गया है। सभी इवेंट्स की तैयारी काफी अच्छी चल रही है। क्लब के जूनियर्स में काफ़ी उत्साह है और वह इवेंट्स के लिए सवालों की तैयारी कर रहे हैं। आदित्य का मानना है कि किसी को भी इवेंट में भाग लेने के लिए QUIZZER होने की आवश्यकता नहीं है, केवल ज्ञान के प्रति उत्सुकता होनी चाहिए। मैं उम्मीद कर रहा हूँ कि पिछले वर्ष की तुलना में हमें अधिक प्रतिभागिओं को आकर्षित करने में हमें सफलता मिलेगी।


## Poetry Club



समर्थ साहू

पोएट्री क्लब के समन्वयक समर्थ साहू ने बताया कि वे OASIS में 4 कार्यक्रम आयोजित करवा रहे हैं। जिनमे से पर्पल प्रोज व रैपवॉर्स KERNEL EVENT हैं, जबकि चौपाल व कंस्पायरिंग माइंड्स अन्य कार्यक्रम हैं। रैप वॉर्स में 4 शहरों से से आए 8 रैपर्स की प्रतियोगिता होगी, विजेता तो नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। पर्पल प्रोज में 6 विभिन्न शहरों से आए हिंदी व अंग्रेज़ी कवि प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चौपाल में रेख़्ता जैसी संस्था से आए हिंदी व उर्दू कवि कविता व साहित्य पर चर्चा करेंगे। कंस्पायरिंग माइंड्स एक मजेदार खेल है जिसमें छात्र आनंद ले सकते हैं। बढ़ते हुए हिप-हॉप कल्चर में रैप वॉर्स आयोजित करवाना उनके अनुसार एक चुनौती है। वे हिंदी प्रेस क्लब को धन्यवाद देने के साथ सभी दर्शकों से आग्रह करते हैं कि वे सभी कार्यक्रमों में भागीदारी दें।


## ComHub



तेजस श्रीगणेश

कॉमेडी हब के समन्वयक तेजस श्रीगणेश ने बताया कि वे एक स्टैंड-अप कॉमेडी कार्यक्रम करवा रहे हैं। क्लब सदस्य अपने ही अनोखे अंदाज में हँसी-मज़ाक व चुटकुलों से दर्शकों को उत्साहित करने को तत्पर हैं। कमरों की उपलब्धता, बाकी क्लबों के साथ समन्वय स्थापित करने में उन्हें थोड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा है। साथ ही ध्वनि उपकरणों की उपलब्धता में भी उन्हें परेशानी आई है। वे छात्रों से आग्रह करते हुए कहते हैं कि उन्हें निश्चित तौर पर इस आयोजन का लुत्फ पूरे हर्षोल्लास के साथ उठाना चाहिए, वे एक अभूतपूर्व कार्यक्रम की कामना करते हैं और सभी को आने के लिए प्रेरित करते हैं।

## Creative Activities Club



सार्थक रावत

इस बार हम गैलेरिया, कैन्वस स्ट्रीट, स्पलाश और ट्री ऑफ ग्राटीटूड का आयोजन करवा रहे हैं। गैलेरिया में क्लब के सदस्यों द्वारा रचित कलाकृतियों की प्रदर्शिनी आयोजित की जाएगी, कैन्वस स्ट्रीट एक चित्रकारी प्रतियोगिता है, और स्पलाश में रोतुंडा पर फेस पेंटिंग का आयोजन करवाया जाता है। क्लब के लोगों के समन्वय के कारण, हमें इन आयोजनों की तैयारी में ज्यादा चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़ा है और हम फेस्ट को अपनी कला से फेस्ट को ताज़गी से भरने के लिए तैयार हैं।

eightfold.ai presents

Oasis 23

GRIMOIRE GALORE

51st EDITION | 27th-31st OCTOBER

in association with acer & boAt

powered by Cisco

हिन्दी प्रेस क्लब

eightfold.ai presents

# OASIS 23


GRIMOIRE GALORE

5[ST] EDITION | 27[TH]-31[ST] OCTOBER

in association with acer & boAt | powered by Cisco

# WALLMAG

## PRESIDENT



सार्थक अगर्वाल

छात्र संघ के अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल ने ओएसिस हिंदी प्रेस से हुई बातचीत में बताया की इस बार के OASIS के लिए वो काफ़ी ज़्यादा उत्सुक हैं। सभी क्लबों और विभागों ने काफी अच्छा काम किया है और उनको उम्मीद है कि इस बार का OASIS सभी छात्रों के लिए यादगार रहने वाला है। इस बार के PROF SHOWS में काफ़ी बड़े और नामचीन कलाकार जैसे KR$NA, विशाल-शेखर आदि सम्मिलित हो रहे हैं जिससे OASIS को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया जाएगा। इस बार हैलोवीन पार्टी भी आयोजित की जाएगी एवं कुछ फ्री इवेंट को भी आयोजित किया जाएगा जिसका सभी लुत्फ़ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार काफी अच्छी स्पोंसरशिप प्राप्त हुई है, जिससे यह उत्सव काफी भव्य होने वाला है। उन्होंने OASIS की शान को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है और सभी को OASIS में अपने दोस्तों के साथ पूरा आनंद लेने का संदेश दिया है।

## GENERAL SECRETARY



अभिनव लांबा

OHP से साक्षात्कार करते हुए अभिनव लाम्बा ने बताया कि वह वित्तीय मामलो में सलाहकार के रूप में काम करने के साथ इन्वेंटरी को विभिन्न क्लब एवं डिपार्टमेंट को प्रदान करने का काम करते है, वह मर्च के विभाग में भी महत्वपूर्ण फैसले लेते है। उन्होंने कहा " फेस्ट के लिए काम करते समय कुछ दुविधाओं का सामना करना पड़ा परन्तु पूर्व महासचिव और अध्यक्ष से काफ़ी सहायता प्राप्त हुई, बजट मीट में भी पिछले संस्करण को ध्यान में रखते हुए इन्वेंटरी प्रदान की गयी है। सभी STUCCA के साथ बहुत अच्छे संबंध बने और सभी ने साथ मिलकर OASIS को बेहतर बनाने हेतु जमकर परिश्रम किया। OASIS में केम्पस में नशीले पदार्थो का सेवन रोकने के लिए CSO ने STUCCA के साथ मिलकर काम किया है, गार्ड्स की संख्या भी बढ़ा दी गयी है। BST को खत्म करने के लिए अलग से एक टीम बनाई गयी है जो एक असरदार अनुसूची बनाने के लिए ज़िम्मेदार है।" उन्होंने सभी को OASIS का पूरा आनंद लेने का संदेश दिया है।


## SPONZ



शौर्य पारिख

डिपार्टमेंट ऑफ स्पॉन्ज के समन्वयक शौर्य ने OHP को बताया कि उन्होंने अपोजी 2023 खत्म होते ही ओएसिस की तैयारी शुरू कर दी थी। शुरुआती महीनों में उन्होंने बाहर के कॉलेजों व BRANDS से स्पॉन्सरशिप हेतु संपर्क किया। जिसके पश्चात स्पॉन्सर्स से उपयुक्त डील की गई। अंतिम चरण में डील का क्रियान्वयन किया गया। एक मुख्य डिपार्टमेंट होने के नाते उन्हें स्पॉन्सरशिप लाने के साथ ही अन्य क्लबों व डिपार्टमेंटों से भी सहयोग कर कार्य करना होता है। उनके डिपार्टमेंट के एक आंतरिक ढांचा है जिसके तहत वे हर छोटी-बड़ी जानकारी का ब्यौरा रखते हैं जिससे किसी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। मंदी के दौर में स्पॉन्सर्स ढूंढने में उन्हें काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ा। अच्छे स्पॉन्सर्स लाने हेतु उन्हें अपनी रणनीतियों को बदलना भी पड़ा। उन्होंने बताया कि सभी डिपार्टमेंटों को मिलकर काम करना होता है, तभी फेस्ट को सफल बनाया जा सकता है। इस ओएसिस के संस्करण में सभी STUCAAS ने बेहतरीन भागीदारी निभाई है जिससे काम काफी सरलता से हो पाया है। चूंकि स्पॉन्सरशिप राशि में कोई कमी नही थी उन्होंने कई नवाचारों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया है। कुछ नए कार्यक्रमों को भी इस वर्ष शामिल किया गया है। वे सभी दर्शकों को संदेश देते हुए कहते हैं कि यह ओएसिस एक अभूतपूर्व फेस्ट होने वाला है, जिसमें सभी को आनंद उठाना चाहिए।

## REC N ACC



सुप्रीथ एम.के

REC&ACC की तरफ से इस OASIS में STUCCA सुप्रीथ ने अपने डिपार्टमेंट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य कर्त्तव्य क्लबों को उनका ज़रूरी सामान उपलब्ध करवाना है। इस के साथ अतिथियों, कर्मचारियों और मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था भी उन्ही के हाथ में होती है। BOSM में 1200 के मुकाबले OASIS में वे 1500 लोगों के ठहरने की व्यवस्था करने में सक्षम है। अतिथियों की सटीक गिनती PCR के पास होती है, इस वर्ष अधिकतम 1500 लोगों को ठहराने की व्यवस्था का अनुमान है। सामान्यतः ज़्यादातर मेहमानों को कॉमन रूम्स, स्टाफ क्वार्टर्स और महत्वपूर्ण अतिथियों को V-FAST तथा हॉटल्स में ठहराया जाता हैं। फार्मेसी कोंफरेंस की वजह से जगह का अभाव था, लेकिन सही समय पर पर्वाप्त व्यवस्था कर ली गयी है। सारे क्लबों के काम को ध्यान में रखते हुए और कलाकारों से लंबी बातचीत के कारण OASIS का काम मई-जून से ही काम करना शुरू कर दिया गया था। डिपार्टमेंट के सारे बड़े काम फेस्ट से दो हफ्ते पहले यानि मिड-सेम के बाद शुरू हो चुके थे और आशा है कि बिना किसी विलंभ के पूर्ण हो जाएँगे। डिपार्टमेंट में लिए गए फर्स्ट इयर्स भी साथ में ज़िम्मेदारी से प्रशंसनीय काम कर रहे हैं। अन्ततः सुप्रीथ ने सभी से यह विनती की है कि वे फेस्ट के दौरान कॉलेज से बाहर ना जाए और फेस्ट का भरपूर आनंद ले।


## CRC



CRC

CRC लेखापरीक्षा (AUDITING), फेस्ट के बजट को निर्धारित करने में एवं टेंडरिंग प्रक्रिया में एक ज़रूरी किरदार निभाती है। फेस्ट के दौरान भी वे अचानक आने वाली समस्याओं के निराकरण करने में लगे रहते है। अन्य STUCCA के साथ छात्र संध के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सार्थक और महासचिव अभिनव की तारीफ़ करते हुए उन्होंने कहा की देर से पदभार सँभालने के बावजूद भी वे बखूबी ज़िम्मेदारी संभाल रहे है। इस बार टेंट टेंडर्स भी काफी अच्छे दाम पर दे दिये गए है और कलाकारों के लिए होने वाला व्यय भी उपयुक्त रहा। पिछली बार इनामी राशि में हुई देरी तालमेल में हुई गडबडी की वजह से हुई थी। इन लेनदेनों के लिए पहले लंबी प्रक्रिया थी लेकिन अब इन्हें फेस्ट एक हफ्ते के अंदर पूरा कर दिया जाएगा। "FAKE SIGNINGS" को सख्ती से देखा जाएगा, उन्हें रद्द करने की प्रक्रिया भी सुविधाजनक बनाई गयी है। ज़रूरी संवेदनशील जानकारी को फेस्ट के बाद रिपोर्ट में प्रकशित किया जएगा। सिग्नेटरिस का सन्देश है की फेस्ट का आनंद ले और किसी वित्तीय मामले से संबंधित शिकायत के लिए निःसंकोच CRC को संपर्क करे।


## DVM



सार्थक अरोरा

DVM के STUCCA सार्थक ने OASIS में अपनी भूमिका निभाते हुए अपने डिपार्टमेंट के बारे में बताया कि DVM ऐप्प्स, वेबसाइट एवं ऑनलाइन पोर्टल का विकास करता है, जोकि फेस्ट मे सभी डिजिटल कार्य करने के लिए आवश्यक है। फेस्ट के ग्राफ़िक्स एवं वीडियोज़ से सम्भंदित कार्य भी DVM ही संभालता है। आगे वह बताते हैं कि क्यूंकि इस वर्ष की थीम हर बार से अलग और थोड़ा हटके है तो कई प्रकार की नई चीज़ें शामिल की गयी हैं। इस HALLOWEEN थीम से प्रेरित अन्य प्रकार के दिलचस्प ग्राफ़िक्स को बनाया जा रहा है। DVM दो मुख्य ऐप्प्स का निर्माण कर रहा है, जिनमें से एक है OASIS ऐप्प जिससे सभी प्रकार के ट्रांज़क्शन्स होंगे, और दूसरा एडमिन APP जिसका एक्सेस FIREWALLZ, CONTROLS व क्लब्स के कोर्ड्स के पास होगा और इसी से सभी प्रकार की प्रबंध से जुड़ी चीज़ों का हिसाब देखा जायेगा। OASIS की मुख्य वेबसाइट पहले से ही चालू हो चुकी है, जिसपर OUTSTEES अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा एक पोर्टल भी है जहाँ पर अन्य डिपार्टमेंट्स को भी एक्सेस है और उनके द्वारा OUTSTEES के रूम अल्लोटमैंट जैसी व्यवस्थाएं संभाली जाती हैं।

## CONTROLS



आयुष पौराणा

डिपार्टमेंट ऑफ कंट्रोल्स के समन्वयक आयुष पौराना ने बताया कि फैस्ट में कंट्रोल्स का मुख्य काम होता है, तर्कशास्त्र संभालना। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे फैस्ट की अनुसूची बनाना और टाइमलाइन सेट करने का काम कंट्रोल्स करता है। आयुष ने बताया की एक स्टूडेंट रन फैस्ट में BST लगना बहुत ही आम बात है। उन्होंने टाइमलाइन परिवर्तित किया है जिससे उनका मानना है की वे इसको काफ़ी हद तक खत्म कर पायेंगे। फैस्ट के दौरान लोगों के आने-जाने की व्यवस्था कंट्रोल्स ही करता है। इनाम और प्रमाणपत्र का इंतज़ाम भी वे ही देखते हैं। आयुष ने फैस्ट की थीम 'GRIMOIRE GALORE' पर यह टिप्पणी दी की काफ़ी समय बाद एक नई ही थीम चुनी गयी है और 31 अक्टूबर को HALLOWEEN होने के कारण फैस्ट में चार चाँद लग जायेंगे। आखिर में वे GBM को यह संदेश देना चाहेंगे की वे ज़रूर फैस्ट में आयें और इसकी शान बढाएं।

## ADP



आदर्श गोयल

ADP के समन्वयक आदर्श गोएल ने हिंदी प्रेस क्लब से बातचीत में बताया कि ADP का मुख्य काम हैं फेस्ट को थीम प्रदान करना और उससे समबन्धित VISUAL देते हैं। इसमें AUDITORIUM में लगे BACKDROP और PANELS, जगह जगह पर लगे संरचना, फोटो बूट और कैम्पस में बाकी की सजावटें जैसे कि लालटेन और लाइटें शामिल हैं। इन्स्टा पर एक डिजाईन विचारधारा के तहित हम पोस्टर बनाकर ओएसिस पेज पर प्रचार करते हैं। साथ ही हम फेस्ट को कवर करने के लिए और अपने चैनलों पर प्रचार करने के लिए कईबार मीडिया भागीदारों को भी बुलाते हैं। आगे बताते हुए वह कहते हैं कि सारे STUCCA फेस्ट से सम्बंधित काम के लिए काफ़ी उत्सुक हैं और STUCCA बनने पर सबकी मानसिकता बदल जाती हैं कि अब हम बस हमारे डिपार्टमेंट ही नही बल्कि पुरे फेस्ट के लिए काम कर रहें हैं।

## PCR



वैभव जैन

हर वर्ष की तरह, पीसीआर फेस्ट में दूसरे कॉलेजों के छात्रों को ओएसिस के लिए निमंत्रण देते हैं और साथ में फ़ेस्ट का प्रिंटिंग प्रचार और SNAPS का कार्य भी संभालते हैं। समन्वयक वैभव जैन ने ओएसिस हिन्दी प्रेस के साथ हुए बातचीत में तैयारियों को लेकर चर्चा की। फेस्ट की तैयारियाँ तीन महीने पहले से शुरू कर दी गयी थी। हमने अपने डेटाबेस और सोशल मीडिया के जरिये दूसरे कॉलेज के प्रतिनिधि को निमंत्रण दिया है। STUCCANS का काम प्रसंशनीय है और सब मिलकर काम कर रहे हैं। हर वर्ष की तरह हमें कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे कि DU जैसे कॉलेज में स्पोर्ट्स कमिटी के लिए फंड प्रदान कि जाती है परन्तु ऐसा कोई सांस्कृतिक कमिटी नहीं होती है। इस बार हम बेहतर भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं। फेस्ट के दौरान हालोवीन है और थीम भी इस पर आधारित है। ओएसिस 2023 में नए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और जिनका अनुभव सभी को करना चाहिए।

## MANUFACTURING ASSOCIATION



जय अवस्थी

मैनुफैक्चरिंग एसोसिएशन के समन्वयक जय अवस्थी ने बताया कि वे OASIS में रिमोट कंट्रोल कार रेसिंग का कार्यक्रम करवा रहे हैं। यह खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी रिमोट संचालित कारों की दौड़ करवाएंगे जिसमें कौशल, सूक्ष्मता व कारों के प्रति लगाव का अनूठा संगम होगा। आखिरी फेस्ट के मानक स्तर के अनुरूप कारें ढूंढने में उन्हें चुनौती का सामना करना पड़ा है। वे दर्शकों से अनुरोध करते हैं कि वे इवेंट का अपने दोस्तों के साथ भरपूर आनंद लें क्योंकि यह पिछले संस्करण से अधिक रोमांचक होने वाला है।

## OASIS HINDI PRESS



अनुज गर्ग

इस वर्ष ओएसिस हिन्दी प्रेस BLUFFMASTER नामक कार्यक्रम का आयोजन करवा रहा है। यह एक रचनात्मक एवं मज़ेदार खेल होगा। इस खेल का आयोजन ओएसिस के पूर्व संस्करण में भी हो चुका है और प्रतिभागियों ने इसका काफ़ी लुत्फ़ उठाया है। इसके अलावा वॉलमैग के माध्यम से ओएसिस हिन्दी प्रेस सभी को फ़ेस्ट में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देगा। ओएसस के दौरान प्रत्येक दिन होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी NEWSLETTERS के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जाएगी। INSTAGRAM रील्स के माध्यम से भी फ़ेस्ट से जुड़ी जानकारी सभी तक पहुँचाने कि कोशिश करेंगे। STUCCA से पूरी तैयारी के दौरान काफ़ी सहयोग मिला। सभी से यही अनुरोध है कि दूसरो की सुविधा का ख़्याल रखते हुए फ़ेस्ट का बेहतरीन रूप से आनंद उठाऐं।

## FASHION CLUB



ऋषि कनोडिया

इस वर्ष हम NEON PARTY - FIESTA DE' NEON कार्यक्रम का आयोजन करेंगे, जो बिट्स पिलानी के सांस्कृतिक महोत्सव ओएसिस 2023 का अवशिष्ट हिस्सा होने वाला है। यह तीन घंटे का कार्यक्रम हैं जिसमें म्यूजिक, डार्क माहौल , चेहरे पर चमकने वाले चिह्न, विविध मॉकटेल्स और स्नैक्स भी होंगे। इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों के लिए एक प्रासंगिक और आकर्षक माहौल होगा। इवेंट के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन करना, तथा ग्लो-इन-द-डार्क थीम के लिए आवश्यक सामग्री प्राप्त करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती थी। मुझे उम्मीद है कि यह इवेंट सफल रहेगा और सभी इसका भरपूर आनंद उठाएँगे।



## ANCHOR



कौशिक कुमार पती

ओएसिस 2023 के लिए एंकर एक प्री-ओएसिस इवेंट के रूप में 'माजा मा!' फिल्म की स्क्रीनिंग, प्राइड थीम वाली ट्रिविया क्विज़ और साथ ही प्राइड मार्च और स्टॉल का आयोजन कर रहा है। प्राइड ट्रिविया क्विज़ फेस्ट के दूसरे दिन 2 बजे आयोजित की जाएगी। तीसरे दिन, प्राइड मार्च का आयोजन किया जायेगा, जो पोस्टरों, झंडों और रंगे चेहरों के साथ सुसज्जित होगी। एंकर के समन्वयक कौशिक के अनुसार "इस बार, हमारा नेतृत्व करने के लिए एक अतिथि भी शामिल हुए हैं, राघव शर्मा, जिन्हें आपने उनके यूट्यूब चैनल और तन्मय भट्ट के व्लॉग्स में ज़रूर देखा होगा"। कौशिक ने हमे यह भी बताया कि वो इस बार कीचैन, स्टीकर और ब्रेसलेट्स भी बेचेंगे जिनकी बिक्री से प्राप्त धनराशि दिल्ली में स्थित मानवाधिकार संगठन 'हमसफ़र ट्रस्ट' को जाएगी। BOSM, मिडसेम्स और दशहरा की छुट्टियों के कारण उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा परन्तु उनकी तत्पर और खुशमिजाज टीम ने सभी मुश्किलों को आसान बना दिया। साथ ही कौशिक ने सभी छात्रों को ओएसिस में मज़े करने को कहा एयर संदेश दिया कि "BE PROUD, STAY SAFE".


## FILM MAKING CLUB



आर्यन सोनवतीकर

FMAC के समन्वयक आर्यन सोनवतीकर ने OHP को बताया कि इस ओएसिस में अनेक आयोजन कर रहा है, जैसे कि एक फिल्म-फेस्टिवल, जिसे हम ओएसिस का ही एक उप-फेस्ट कह सकते हैं जिसमें तरह-तरह के आर्टिस्टिक क्लब्स के इवेंट्स शामिल हैं। दूसरा कार्यक्रम है METAMORPHOSIS, जो कि एक शार्ट-फिल्म बनाने कि प्रतियोगिता है (पैन इंडिया एन्ट्रीज़ स्वीकृत है)। इसके साथ ही FMAC HYPERCUT, UNCHARTED (एस्कैप रूम) और एक फिल्म स्क्रीनिंग भी आयोजित कर रहा है। HYPERCUT ऑनलाइन विज्ञापन बनाने की प्रतियोगिता है। फ़िल्म स्क्रीनिंग फिल्ममेकर की उपस्थिति में की जाएगी। ओएसिस मिड-सेम एग्ज़ाम्स से कुछ ही हफ्तों बाद होने की वजह से कार्यभार बहुत ज़्यादा बढ़ गया। अंत में FMAC सभी को फ़ेस्ट का आनंद लेने का आग्रह करते हैं क्योंकि उनका मानना है ओएसिस बिट्स में सबसे अच्छी चीजों में से एक है।


## GURUKUL



आदित्या आनंद

गुरुकुल के समन्वयक आदित्या आनंद ने OHP को बताया कि वे इस ओएसिस में तीन इवेंट्स का आयोजन कर रहा है- "AXETACY", "DRUM DUELS" और "FREEJAM"। FREEJAM- संगीत-प्रेमियों के लिए हो रहे इस ओपन-माइक में सभी को वाद्ययंत्र उपलब्ध कराए जाएंगे जिसके माध्यम से कोई भी मंच पर गीत प्रस्तुत कर सकेगा। AXETACY गिटार वादन और DRUM DUELS ड्रम वादन की प्रतियोगिताएं हैं। इन दोनों प्रतिस्पर्धाओं में प्रतियोगी एक दूसरे का वादन बजाने का कौशल परखेंगे। गुरुकुल तरंग में भी भाग लेगा। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन तथा सेट की प्रक्टिस करना आसान नहीं था मगर क्लब के सदस्य एक जुट हो कर समय पर सारी तैयारी समाप्त कर पाए। गुरुकुल भी फ्रीजैम में एक सेट की प्रस्तुति करेगा तो सभी वह देखना न भूलें।

## HINDI ACTIVITIES SOCIETY



रिजुल बासंबू

HAS के समन्वयक रिजुल बासंबू ने ओएसिस में होने वाले उनके कार्यक्रमों के बारे में OHP को जानकारी दी। क्लब हर बार की तरह आनंद दायक इवेंट्स करवा रहा है। "ANTAAK" और "FILMY MUQABLA" बॉलीवुड के गानों और फिल्मों पर आधारित प्रश्नमंच होंगे जिसमे सारे प्रतिभागी एक मजेदार अनुभव लेते हैं। "STAND-UP SOAPBOX" पूरे भारत में कराए जाने वाला एक इवेंट है जिसमे बहुत सारी तैयारी करनी पड़ती है। देश के विभिन्न कलाकारों और क्लबों से उनके प्रदेशों में प्रतियोगिता के लिए बातचीत करनी पड़ती है, जिनके विजेता ओएसिस में बहुत सारे दर्शकों के सामने अपनी कला दिखाते है। इसी के साथ मुख्य कार्यक्रम N2O, जिसमे कई बड़े कलाकार अपनी प्रस्तुती दे चुके है। "ANTAAK" और "FILMY MUQABLA" की तैयारी आराम से हो गई थी, दिक्कतें SSB और N2O में आई जहा कई चीज़ों को ध्यान में रखना पड़ा। रिजुल कहते हैं कि सबको नाचते-कूदते और हसते हुए ओएसिस में पूरे मज़ा करना चाहिए।

## KARAOKE CLUB



देवांगी चौधरी

ओएसिस 2023 के लिए कैरीओके क्लब SCRONTRO, जो की एक DJ बैटल है का आयोजन करवा रहा है। इसे 2 भागों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण ऑनलाइन होगा और दुसरे चरण में सभी प्रतिभागी एक-एक कर अपनी प्रस्तुति देंगे और निर्णायकों का निर्णय दर्शकों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। कैरीओके क्लब की समन्वयक देवांगी चौधरी ने हमे बताया "हम पहली बार ये आयोजन कर रहे हैं तो हमे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, प्रतिभागियों को पिलानी आने के लिए आकर्षित करने के लिए और भारत के DJ कल्चर को समझने के लिए हमने काफी मेहनत की है। तैयारी के दौरान सबसे बड़ी चुनौती प्रचार-प्रसार थी जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह इतनी बोझिल प्रक्रिया बन जाएगी"। देवांगी के अनुसार ओएसिस के दौरान रोमांचक DJ बैटल केंद्रबिंदु बनने के लिए तैयार है, इसलिए उन्होंने सभी को शानदार प्रतुतियों के तैयार रहने की गुज़ारिश की है।

## MOUNTAINEERING & ADVENTURE CLUB



चित्रेश नीमा

"MOUNTAINEERING AND ADVENTURE CLUB" के चित्रेश नीमा के अनुसार इस बार ओएसिस में उनका क्लब एक "ADVENTURE ZONE" नाम के कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। एडवेंचर जोन में विभिन्न प्रकार के तेज़ गति वाले मनोरंजक खेलों जैसे "पेंटबॉल" और "बॉडी जॉर्बिंग बॉल" का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा MAC द्वारा तीरंदाज़ी और निशानेबाज़ी जैसे खेलो का आयोजन किया जाता है जिसमे शामिल होके फेस्ट में आने वाले व्यक्तिगण बहुत आनंद उठाते हैं। MAC ने जो सबसे बड़ी चुनौती का सामना किया वह था उनके कार्यक्रम का "VK LAWNS" से "S LAWNS" स्थानान्तरित करना। इसके कारण यह हो सकता है कि इस बार एडवेंचर ज़ोन हर वर्ष की तरह भीड़ आकर्षित न कर पाए। पर मैक के सभी सदस्यों को विश्वास है की हर साल की तरह इस बार भी वह अपने मुख्य उद्देश्य, जो है फेस्ट में आने वाले सभी लोगों का मनोरंजन करना, उसमे सफल होंगे।


## MATRIX



अद्वैथ के.एस.

ओएसिस 2023 के उपलक्ष में मैट्रिक्स दो इवेंट्स आयोजित कर रहा है- "MOVIE SCREENING" और "CINEMA AND LITERATURE QUIZ"। समन्वयक अद्वैथ के.एस. बताते हैं कि फ़ेस्ट के दौरान अंग्रेजी और हिंदी में दो फ़िल्मों की स्क्रीनिंग होगी। स्क्रीनिंग फ़िल्म के डायरेक्टर आर. बाल्की के साथ होगी। स्क्रीनिंग का आयोजन एम्ब्रयो क्लब भी साथ में करा रहा है। उसके अलावा होने वाले दूसरा इवेंट सिनेमा व लिट्रेचर प्रश्नोत्तरी है। मैट्रिक्स ने इस माध्यम से फेस्ट में सिनेमा और साहित्य को शामिल किया है। इन सब की तैयारी में उन्हें या उनके क्लब को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। मैट्रिक्स क्लब का सभी प्रतिभागियों को यही कहना है कि जितने हो सके उन सभी इवेंट्स में भाग लें और उनका आनंद लें।


## MIME CLUB



अक्षत अग्रवाल

MIME CLUB के समन्वयक अक्षत अग्रवाल ने OHP को बताया कि उनका क्लब इस बार 4 कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है- PUNWARS, OPEN MIC, IMPROV COMEDY और TALK BY RAGHAV SHARMA। इनके अतिरिक्त वे दो मंच कार्यक्रमों का आयोजन करा रहे हैं। SHADOW ACT एक मंच नाटक है जो बहुत रोमांचक होने वाला है। इसके अलावा फेस्ट के उद्घाटन के दौरान एक विडियो का प्रीमियर किया जाएगा जो हर साल की तरह दर्शकों को खूब हंसाएगा। अक्षत ने यह भी बताया कि हर साल नई स्क्रिप्ट बनाना जो अनोखी भी हो, बहुत कठिन काम है तथा उनकी टीम में ज्यादातर फर्स्ट और सेकंड इयर के छात्र, जिन्हें कैम्पस के बारे में काफ़ी पता नहीं है, उनके साथ काम करना और उनको सिखाना थोड़ा पारिश्रमिक कार्य है। परंतु इन सब को पार कर वे अपने कार्य में सफल हुए। अक्षत की सभी से अपेक्षा है कि फेस्ट के उद्घाटन में सभी आएं और उनके नाटक का आनंद उठाएं। वे उम्मीद रखते हैं कि हर साल की तरह इस साल भी MIME CLUB सबके मनोरंजन का कारण बनेगा।

## MUSIC CLUB



नकुल

"MUSIC CLUB" के नकुल गुप्ता द्वारा OHP को बताया गया कि म्यूजिक क्लब इस बार ओएसिस में 2 मुख्य कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह 2 कार्यक्रम है " इनॉग्रेशन " और " आन्दोलिखा"। म्यूजिक क्लब द्वारा हर वर्ष ओएसिस के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए एक "संगीत प्रदर्शन" का आयोजन किया जाता है। क्यूंकि ओएसिस का उद्घाटन कार्यक्रम म्यूजिक क्लब के सदस्यों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन करने के लिए सबसे बड़ा मंच प्रदान करता है, इसलिए क्लब का हर सदस्य इस कार्यक्रम के लिए जी-जान से मेहनत करता है। म्यूजिक क्लब द्वारा पिलानी के बाहर से आएं हुए छात्रों के लिए एक "गायन प्रतियोगिता" का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए LIVE BAND म्यूजिक क्लब ही प्रदान करता है। हर वर्ष की तरह एक बड़ी चुनौती जिसका म्यूजिक क्लब के सदस्य सामना करते है वह है MIDSEMS के पश्चात सिर्फ 2 हफ्तों के अंदर पूरे कार्यक्रम का आयोजन करना। परन्तु हर साल की तरह इस साल भी म्यूजिक क्लब सभी चुन्नौतियो का सामना करते हुए ओएसिस में आने वाले हर व्यक्ति को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगा।

## NIRMAAN



हसित गर्ग

OASIS के 51ST संस्करण में " NIRMAAN" के संयोजक हसित गर्ग के अनुसार इस बार NIRMAAN द्वारा ओएसिस में वह एक "निर्माण स्टॉल" का आयोजन कर रहे है। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में 3 विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स का आयोजन किया जा रहा है। पहले स्टॉल में निर्माण द्वारा हर वर्ष आयोजित किया जाने वाला प्रसिद्ध "FOOD CHALLENGE" है। हर वर्ष इसमें छात्रों द्वारा भाग लिया जाता है और इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होता है दिए गए भोजन को निर्धारित समय में समाप्त करना। निर्माण के दूसरे स्टॉल में कुछ मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिसमे, "THUMB PAINTING" और "HANDICRAFTS" शामिल है। तीसरे और आखिरी स्टॉल का नाम है " कलाकृति" जिसके अंतर्गत पिलानी की महिला लाभार्तिअबयों द्वारा बनाएं गए उत्पादों को फेस्ट के दौरान बेचा जाता है। निर्माण का मुख्य उद्देश्य फेस्ट में शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों का अपने स्टॉल्स द्वारा मनोरंजन और एक खुशनुमा माहौल उपलब्ध कराना है।

## NSS



माहिन पटेल

"NSS" के माहिन पटेल के अनुसार वह इस बार ओएसिस में एक स्टॉल का आयोजन कर रहे है जिसका नाम है "SHOP FOR A SMILE"। इस स्टॉल के अतंर्गत NSS पिलानी के आस-पास के "गैर सरकारी संघठन" (NGO) के साथ सहयोग करते है और उनके सम्मानित लाभार्तियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को बेचते है। फेस्ट में भाग लेने वाले लोगों को स्टॉल के द्वारा उत्पाद को बेचा जाता है और इससे एकत्रित की गई सारी आय को गैर सरकारी सगंठनों को वापस दिया जाता है। सबसे प्रथम सभी सदस्य सगंठनो से उत्पादों की सूची प्राप्त करते हैं और फिर उन सब उत्पादों को फ़िल्टर करते है ताकि उन उत्पादों की बिक्री हो सके जिससे अधिकतम राजस्व प्राप्त हो। NSS के सामने सबसे बड़ी चनौती होती है "NGOS" को क्लब साथ सहयोग करने के लिए राज़ी करना और इन्वेंटरी का प्रबधं करना और यह सनिुनिश्चित करना कि इन्वेंटरी को किसी भी प्रकार की हानि न हो ।

## OASIS ENGLISH PRESS



अक्षता साबाजि

OASIS ENGLISH PRESS की समन्वयक अक्षता सबाजि ने OASIS 2023 में OEP द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का विवरण देते हुए OHP को बताया कि इस बार वे दो कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, आर्केन्म, अर्कानोर्म, और वर्द्स्तोक। वे OASIS में होने वाले सारे कार्यक्रमों को कवर करते हैं अथवा दूसरे क्लब्स और डिपार्टमेंट्स के समन्वयक का इंटरव्यू भी लेते हैं, इसके अतिरिक्त वे ELAS के साथ मिलकर एक-शब्द-पहेली खेल भी आयोजित कर रहे हैं। अपनी परेशानियों की समीक्षा करते हुए वे कहती हैं कि BOSM और मध्य-सेमेस्टर परीक्षा के कारण उन्हें OASIS के लिए ज़्यादा समय प्राप्त नहीं हुआ और काफ़ी दिक़्क़तों का सामना पड़ना पड़ा। पाठकों के लिए उनका यह संदेश है कि वे OASIS में हर्षोल्लास से सम्मिलित हों और उनकी मेहनत पर भी नज़र डालें।

## PHOTOG



अर्नव गुप्ता

फ़ोटोग के समन्वयक, अर्नव गुप्ता, ने OHP से हुई बातचीत में बताया की OASIS 2023 में वे रेट्रो कैम, सयेनोटआइप प्रिंटिंग, गैलरी कैप्चर और पिक्सेल का आयोजन कर रहे हैं। इस साल के आयोजन की विशेषता यह रहेगी कि वे पिछले साल से कई गुना बढ़े अथवा बढ़िया होंगे। उनकी टीम दिन-रात एक करके काम कर रही है ताकि यह सारे कार्यक्रम बहुत अच्छे हों। फ़ोटोग हर साल OASIS में चौबीस घंटे सक्रिय रहता है और हर चीज़ कवर करता है और इस साल वे OASIS कि तैयारियों को भी कवर कर रहे हैं। अपनी चुनौतियों का विवरण देते हुए वे बताते हैं कि उन्हें इस बार टीम को संभालने में अथवा इवेंट्स के लिए सामान इकट्ठा करने में उन्हें काफ़ी परेशानी हुई थी। पाठकों को संबोधित करते हुए वे कहना चाहते हैं कि वे सब गैलरी ज़रूर जाएं और सयेनोटआइप में ज़रूर हिस्सा लें, उन्हें इसमें काफ़ी मज़ा आएगा और उनकी यादें भी संरक्षित होंगी।

## PUBLIC POLICY CLUB



नमन शर्मा

पब्लिक पॉलिसी क्लब के समन्वयक नमन शर्मा ने अपने इवेंट "REAL POLITIK" के बारे में जानकारी दी। यह एक बड़ा नीलाम है जो भूत काल और भविष्य के जाने-माने नेताओं को सम्मिलित रखेगा। इसमें लोग अपनी टीम बना कर सबके लिए बोली लगाएंगे और अपना एक मंडल बनाएंगे। इस इवेंट में लोगों को एक सूचि में से व्यक्तित्वों को चुनना होगा जो अलग-अलग समय और क्षेत्रों से होंगे। इस इवेंट के लिए क्लब ने बहुत मेहनत करी थी और अच्छा खासा शोध किया था। इस दौरान काफ़ी चर्चा की गई थी ताकि नीलाम में एक अच्छा अनुभव मिल पाए। हर राजनैतिक व्यक्ति महत्व और प्रभाव पर भी बहुत ध्यान दिया गया था। नमन कहते हैं कि इस उत्साहपूर्ण नीलाम बनते हुए सबको यह अनोखा अनुभव लेना चाहिए।

## SMAC



अजय मलिक

SMAC के समनव्यक अजय मलिक ने बताया की वे इस बार OASIS पर सुरक्षा एवं आपातकाल स्टाल लगाएंगे। वे फेस्ट के समय होने वाली किसी दुर्घटना में प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करवाएंगे। फेस्ट की तैयारियों के दौरान उनको इन्वेंटरी इकठ्ठा करने में थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने हर एक तरह की आपातकालीन समस्याओं के लिए भी प्रबंध करे हैं। अजय ने कहा कि जितना फेस्ट में सभी का मनोरंजन जरूरी है उतनी ही जरूरी सभी छात्रों की सुरक्षा भी है। उन्होंने सभी को एक दूसरे का ख्याल रखते हुए फेस्ट का पूरा आनंद उठाने का सन्देश दिया है।


## RADIOAKTIV



प्रत्याक्षा गुप्ता

RADIOAKTIV क्लब की समन्वयक प्रत्याक्षा गुप्ता ने ओएसिस हिंदी प्रेस को बताया कि वे इस बार OASIS पर 'प्रोम नाईट' और 'जुल्फें' का आयोजन करवा रहे हैं। प्रोम नाईट का आयोजन SAC में होगा जिसमे कपल्स एक साथ समय व्यतीत कर सकते है, साथ वहाँ पर बने PHOTOBOOTHS में यादों के लिए तस्वीरें भी खिंचवा सकते हैं। जुल्फें एक हेयर कलरिंग इवेंट हैं जिसका आयोजन पहली बार किया जा रहा है। क्लब के मेम्बर्स द्वारा 7 रंगों के हेयर कलरिंग प्रोडक्टस मंगवाए गए हैं। प्रोफ शो से भरे OASIS में उन्हें प्रोम की तारिख निश्चित करने में परेशानी हुई साथ 'जुल्फें' के लिए हेयर प्रोडक्ट्स ढूँढना भी एक कठिन कार्य था। प्रत्याक्षा ने कहा की सभी OASIS का भरपूर आनंद उठाएं और RADIOAKTIV के इवेंट्स में जरूर समिल्लित हों।

## RAGAMALIKA



अचिंत्य हेब्बार

रागमालिका दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत से जोड़ने हेतु तैयारी में जुटे हुए हैं। OHP के साथ हुई बातचीत में, रागमालिका के समन्वयक " अचिंत्य हेब्बार " ने क्लब की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इस बार रागमलिका क्लासिकल प्रोफ शो एवं तांडव और स्वरांजलि नामक प्रोफ शो का आयोजन करवाने जा रहें हैं। प्रोफ शो में स्वयं महान पंडित रूपक कुलकर्णी और तबला वादक आदित्य कल्याणपुर होंगे। उन्हें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, परंतु STUCAA और संस्था ने उनकी सहायता की। स्वरांजलि एक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता है, जिसमें भारतीय और कर्नाटक संगीत में प्रशिक्षित प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसके अलावा तांडव एक शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता है, जिसमें ओडिसी, कथक, कुचीपुड़ी, भरतनाट्यम, मणिपुरी, कथकली, मोहिनीअट्टम, सत्त्रिया केरालादानाम में प्रशिक्षित प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। रागमालिका का मानना है की हमारी संस्कृति भारतीय शास्त्रीय कला रूप से जुड़ी हुई हैं। उन्हें भरोसा हैं कि उनकी इस कोशिश से दर्शकों को भारतीय संस्कृति की महानता के बारे में याद दिला पाएंगे।


## FIREWALLZ



आशीष

FIREWALLZ के ओएसिस के समन्वयक आशीष ने बताया कि वह ओएसिस में सारे सुरक्षा सम्बन्धी प्रबंधों के लिए ज़िम्मेदार हैं। बातचीत में यह बताया कि वह बाहर से आये सारे प्रतिभागी, अतिथि, स्टॉल कर्मचारी,आदि के पुरे पंजीकरण एवं सुरक्षा CHECKS का भी ध्यान रखते हैं। अतः FIREWALLZ बाहर से आये व्यक्ति के लिए केम्पस में पहले POC रहते हैं। साथ ही ओएसिस के दौरान सारे वाहनों के विनियमन के भी प्रभारी रहते हैं। फेस्ट के दौरान रात्रि PATROLLING की भी ज़िम्मेदारी FIREWALLZ की रहती हैं। बोस्म एवं मिडसेम परीक्षा के कारण सुकड़ी हुई समयसीमा एक बड़ी चुनौती रही हें। उसके बावज़ूद ओएसिस की तैयारी सुचारू रही। अंत में समन्वयक आशीष कहना चाहते हें कि फेस्ट का मकसद यही हैं कि लोग मज़े करे। परंतु सब को यह नियमों का भी ध्यान देना चाहिए और किसी भी प्रकार की ऐसी हरकत से बचना चाहिए जिससे फेस्ट के नाम पर असर पड़े।


## INSPIRED KARTERS ELECTRIC



तनिष्क

इस वर्ष के OASIS में IKE तीन प्रकार के कार्यक्रम: F1 QUIZ, F1 सिम्युलेटर एवं स्क्रीनिंग मेक्सिकन GP का आयोजन कर रहा है। तनिष्क बताते हैं कि हमने खरीद से लेकर सौदे की बातचीत तक विभिन्न प्रकार की स्थितियों का प्रबंधन स्वयं किया। आगे उन्होंने कहा कि इस वर्ष, हम अपने रेसिंग सिमुलेशन में VR पहलू को एकीकृत करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा F1 QUIZ और मेक्सिकन स्क्रीनिंग के लोजिस्टिक्स का प्रबंधन भी किया गया। कठिनाइयों के बारे में ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि IKE और गेमिंग क्लब दोनों के लिए सर्वोत्तम सौदे पर बातचीत और सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती थी। PS5 के साथ VR तत्व को शामिल करके अपनी पेशकश को बढ़ाने के लिए क्लब दृढ है। आगे उन्होंने बोला कि इस साल का OASIS अपने पिछले संस्करणों की तुलना में पूरी तरह से अनोखा अनुभव होने का वादा करता है क्योंकि इसमें शामिल हर कोई अपने प्रयासों में वृति ला रहा है।

## CHEMISTRY ASSOCIATION



प्रत्यूत सुंदरराजन

इस वर्ष के OASIS में CHEMISTRY ASSOCIATION हाई ऑन हीलियम नामक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसमें प्रतिभागी गुब्बारों से हीलियम गैस लेते हैं, जिससे उनकी आवाज़ ऊंची हो जाती है। यह एक मज़ेदार और लोकप्रिय गतिविधि है। कुल मिलाकार इस कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार की मनोरंजनक गतिविधयां होती है और इसमें आनंद लेने के लिए किसी भी प्रकार के कौशल की आवश्यकता नहीं है। यह एक हल्का-फुल्का और चंचल अनुभव रहेगा जिसमें किसी भी प्रकार के किताबी ज्ञान की ज़रुरत नहीं है। यह कार्यक्रम COMHUB के सहयोग के साथ आयोजित होगा। अगर कठिनाई की बात की जाये तो प्रत्युत का कहना है कि हीलियम गैस को संभालना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। अंत मे प्रत्यूत ने सभी को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए कहा और बोला कि इस अविस्मरणीय अनुभव से न चूकें। मिलते हैं एम-लॉन में, जहां हीलियम का स्तर ऊंचा रहेगा।

हिन्दी प्रेस क्लब

"WALLMAG"
OASIS- 2023
प्रस्तुत सभी जानकारी निजी साक्षात्कार द्वारा प्राप्त की गई है।
कोई भी त्रुटि पाए जाने पर संपर्क करें:
ANUJ GARG- 9587108214